Thirteenth Loksabha

Session : 9
Date : 29-04-2002

Participants : Meena Smt. Jaskaur

MR. CHAIRMAN : Now, the House would take up Matters under Rule 377. Shrimati Jas Kaur Meena.

14.04 hrs.

Title: Need to associate Members of Parliament in the Centrally-sponsored educational projects in the States, especially in Rajasthan.

श्रीमती जस कौर मीणा (सवाई माधोपुर) : सभापति महोदय, राजस्थान में शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न नवाचार लागू किए गए हैं, जैसे सर्वशिक्षा, शिक्षा आपके द्वार, बी.पी.ई.पी. सतत साक्षरता, सुलभ शिक्षा इन सभी योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक दिशा भ्रमित हो रहे हैं। बालिका शिक्षा के नाम पर कोई ठोस योजना को व्यावहारिक रूप दिया जाना चाहिए था, जो अब तक राज्यों की सरकारों ने नहीं दिया है। मैं राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्र की बालिका शिक्षा एवं प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में कोई ठोस उपाय एवं भारत सरकार की योजनाओं को व्यावहारिक रूप देने के लिए आग्रह करती हूं।

मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्री जी से आग्रह करती हूं कि शिक्षा के क्षेत्र में जो योजनाएं राज्यों में लागू कर रहे हैं, उनमें सांसदों की भागीदारी सुनिश्चित करावें।

[R16]